# कार्यालय– निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकःशिविरा–माध्य / मा–द / वॉक–इन–इन्टरव्यू / 2019–20 / 116 — दिनांकः 08/11/2021

समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा ।

विषयः– माननीय मुख्यमन्त्री महोदय द्वारा वर्षः 2021–22 बजट घोषणा संख्या– 37 की क्रियान्विति के अनुसरण में स्थापित किये जा रहे राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) एवं राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) में अंग्रेजी माध्यम के अनुरूप स्टाफ चयन के संबंध में।

प्रसंगः– शासकीय स्वीकृति क्रमांकः पं. 04 (15) शिक्षा–1 / 2021 पार्ट जयपुर दिनांकः 13.09.2021

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रांसगिक शासकीय स्वीकृति के अनुक्रम में विगत सत्रः 2019–20 एवं 2020–21 में समस्त जिला मुख्यालयों एवं ब्लॉक स्तर पर स्थापित किये गए राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) के अनुरूप वर्ष 2021–22 बजट घोषणा संख्या – 37 की क्रियान्विति के अनुसरण में सत्रः 2021–22 से महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) एवं राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) का संचालन प्रारम्भ किया जाना है। उक्त नवस्थापित विद्यालयों का संचालन विगत सत्र में स्थापित अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों हेतु जारी शासकीय निर्देश दिनांकः 14.06.2019 के अनुरूप ही किया जाना है। उक्त समस्त विद्यालयों में विषयवार वरिष्ठ अध्यापक, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक तथा वरिष्ठ सहायक के पदों हेतु विगत वर्ष प्रसारित पूर्वोल्लेखित शासकीय निर्देश दिनांकः 14.06.2019 के अनुरूप निर्दिष्ट संख्या में कार्मिकों के चयन हेतु एतद् द्वारा संभाग स्तरीय चयन समिति का गठन किया जाता है :–

| क्र.सं. | पदनाम अधिकारी | चयन समिति में दायित्व |
|---|---|---|
| 1 | संभागीय संयुक्त निदेशक | अध्यक्ष |
| 2 | जिशिअ (मुख्यालय)–प्रारम्भिक (संभाग मुख्यालय का जिला) | सदस्य |
| 3 | अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक (संभाग मुख्यालय का जिला) | सदस्य |
| 4 | प्रतिनिधि– निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर | सदस्य |
| 5 | अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (कार्यालय–संभागीय संयुक्त निदेशक) | सदस्य सचिव |

संलग्न प्रेषित विज्ञप्ति के अनुरूप निर्धारित तिथियों में वॉक–इन–इंटरव्यू आयोजित किए जाने तथा सम्बन्धित नामित अधिकारियों को चयन समिति के सदस्य के रूप में भाग लेते हुए समुचित दायित्व निर्वहन हेतु एतद् द्वारा निर्देशित किया जाता है। साक्षात्कार स्थल के चयन हेतु सम्बन्धित संभागीय संयुक्त निदेशक स्वयं के कार्यालय अथवा संभाग मुख्यालय पर किसी सुविधाजनक स्थान का चयन करने हेतु अधिकृत होंगे, जिसका समुचित प्रचार – प्रसार समाचार पत्रों में समाचार / विज्ञप्ति प्रकाशित कर किया जाना सुनिश्चित किया जाए। सम्बन्धित संभागीय संयुक्त निदेशक द्वारा साक्षात्कार स्थल एवं साक्षात्कार के लिए विभिन्न पदों हेतु तिथि एवं समय निर्धारण करते समय वर्तमान में वैश्विक महामारी कोविड–19 के संक्रमण को ध्यान में रखेंगे तथा उक्तानुरूप साक्षात्कार स्थल पर सोशियल डिस्टेंसिंग तथा सैनिटाइजेशन के सम्बन्ध में जारी एडवाइजरी के प्रावधानों की पालना सुनिश्चित करवाएंगे।

संलग्नः–यथोक्त।

**(काना राम)**
आई.ए.एस
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. आयुक्त, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद सह विशिष्ट शासन सचिव, राजस्थान, जयपुर।
4. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान एवं पदेन अतिरिक्त आयुक्त,राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर।
5. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग, राजस्थान, बीकानेर।
6. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, जयपुर।
7. संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण), कार्यालय हाजा।
8. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान।
9. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)– (माध्यमिक / प्रारम्भिक)।
10. समस्त प्रधानाचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान।
11. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा अभियान।
12. संस्था प्रधान, सम्बन्धित जिला मुख्यालय पर स्थापित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय(अंग्रेजी माध्यम)।
13. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
14. रक्षित पत्रावली।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

## :: आदेश ::

राज्य सरकार के आदेश क्रमांकः प.04(15)शिक्षा–1/2021 पार्ट जयपुर, दिनांकः 13.09.2021 के क्रम में स्वीकृत महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों (अंग्रेजी माध्यम) एवं अन्य राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के विभिन्न पदों पर पदस्थापन के लिए माध्यमिक/प्रारंभिक शिक्षा के अधीन कार्यरत कार्मिकों का साक्षात्कार (वाक् इन इन्टरव्यू) के माध्यम से चयन हेतु मण्डल स्तर पर सम्बन्धित संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा की अध्यक्षता में समसंख्यक आदेश दिनांकः............... (प्रति संलग्न) द्वारा चयन समिति का गठन किया गया है। उक्त संभाग स्तरीय चयन समिति हेतु अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के प्रतिनिधि के रूप में एतद् द्वारा सम्बन्धित संभाग के नाम के समक्ष अंकित अधिकारी को नामित किया जाता है :–

| क्र.सं. | संभाग का नाम | नामित प्रतिनिधि – सर्व श्री/श्रीमती | पद एवं पदस्थापन स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | बीकानेर | श्रीमती सुनिता चावला | जिला शिक्षा अधिकारी (प्रशिक्षण) निदेशालय माध्यमिक शिक्षा बीकानेर। |
| 2 | चूरू | श्रीमती इन्द्रा चौधरी | जिला शिक्षा अधिकारी (आदर्श विद्यालय) निदेशालय माध्यमिक शिक्षा बीकानेर। |
| 3 | अजमेर | श्री बहमा नन्द महर्षि | उप निदेशक निदेशालय माध्यमिक शिक्षा बीकानेर। |
| 4 | कोटा | श्री युगल बिहारी दाधीच | संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण) निदेशालय माध्यमिक शिक्षा बीकानेर। |
| 5 | जयपुर | श्री राकेश ढल्ला | जिला शिक्षा अधिकारी (छात्रवृत्ति) निदेशालय माध्यमिक शिक्षा बीकानेर। |
| 6 | जोधपुर | श्री हाफीज अली खान | जिला शिक्षा अधिकारी (भाषायी एवं अल्पसंख्यक) निदेशालय माध्यमिक शिक्षा बीकानेर। |
| 7 | भरतपुर | श्रीमती वीणा सोलंकी | जिला शिक्षा अधिकारी निदेशालय प्रारम्भिक शिक्षा बीकानेर। |
| 8 | उदयपुर | श्री नरेन्द्र सोनी | जिला शिक्षा अधिकारी निदेशालय प्रारम्भिक शिक्षा बीकानेर। |
| 9 | पाली | श्री योगश शर्मा | उप निदेशक (डीपीसी) निदेशालय माध्यमिक शिक्षा बीकानेर। |

उपर्युक्त समस्त अधिकारीगण चयन समिति के सदस्य के रूप में दायित्व का सम्यक् निर्वहन किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

संलग्न : यथोक्त।

(काना राम)
आई.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान,बीकानेर

क्रमांकःशिविरा–माध्य/मा–द/वॉक–इन–इन्टरव्यू/2019–20/118

दिनांकः 08/11/2021

**प्रतिलिपि :** निम्नांकित को सूचनार्थ,पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा, पुस्तकालय एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. शासन उप सचिव–प्रथम, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा एवं पंचायती राज(प्रारम्भिक शिक्षा)विभाग ,राजस्थान, बीकानेर।
4. प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान, बीकानेर।
5. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा ।
6. सम्बन्धित नामित सदस्य, संभाग स्तरीय चयन समिति।
7. स्टाफ ऑफिसर, प्रारम्भिक/माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, बीकानेर।
8. रक्षित पत्रावली।

निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान,बीकानेर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

## :: आदेश ::

कार्यालय हाजा की समसंख्यक सूचना दिनांक : 20.09.2021. द्वारा राज्य में सत्र : 2021–22 में नवस्थापित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) एवं अन्य राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में विभिन्न पदों पर साक्षात्कार (वाक् इन इन्टरव्यू) के माध्यम से चयन हेतु कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उक्तानुरूप उल्लेखित सूचना पत्र में निर्दिष्ट विद्यालयों में प्रधानाचार्य के पद पर चयन हेतु साक्षात्कार कार्यक्रम दिनांकः 10.11.2021, 11.11.2021 तथा 17.11.2021 व 18.11.2021 की अवधि के दौरान निदेशालय परिसर में निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा के कार्यालय कक्ष एवं निर्देशित स्थान में आयोजित किया जाना निश्चित किया गया है। उक्त साक्षात्कार कार्यक्रम के सुचारू एवं सफलतापूर्वक संचालन हेतु एतद् द्वारा कार्य वितरण करते हुए विभिन्न समितियों का गठन किया जाता है:–

- **पंजीयन समिति:**–साक्षात्कार में में भाग लेने वाले अभ्यर्थी प्रधानाचार्यों का पंजीयन साक्षात्कार हेतु नियत दिवस को जिलेवार निर्धारित पारी के अनुरूप दो पारियों में निम्नवत् किया जाएगा :–

    1 पंजीयन स्थल : शिविरा भवन स्थित पुस्तकालय हॉल, निदेशालय परिसर,बीकानेर।

    2 पंजीयन समय : प्रथम पारी – प्रातः 9 से 10 बजे,
    द्वितीय पारी – दोपहर 12 से 1 बजे

- उपर्युक्त पंजीयन कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु श्री मुकेश व्यास, सम्पादक–शिविरा, कार्यालय हाजा के संयोजकत्व में अग्रांकित विवरणानुसार पंजीयन समिति का गठन किया जाता है :–

| दल सं0 | क्र0सं0 | नाम अधिकारी/कार्मिक मय पद–सर्व श्री | दायित्व |
|---|---|---|---|
| I | 1 | नरेश कुमार पोपली, प्रधानाचार्य राउमावि भोलासर | प्रभारी |
| | 2 | महादेव गहलोत, कनिष्ठ सहायक कार्यालय हाजा। | सहयोगार्थ |
| | 3 | संजय छंगाणी, कनिष्ठ सहायक,कार्यालय हाजा। | सहयोगार्थ |
| II | 1 | कैलाश बड़गूजर, सहायक परियोजना समन्वयक, कार्या. अति. जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, बीकानेर। | प्रभारी |
| | 2 | दीपक बिन्नाणी कनिष्ठ सहायक कार्यालय हाजा। | सहयोगार्थ |
| | 3 | मक्खन लाल वर्मा, कनिष्ठ सहायक, कार्यालय हाजा। | सहयोगार्थ |
| III | 1 | मनीष गहलोत सहायक निदेशक वरिष्ठता। | प्रभारी |
| | 2 | रवि शंकर तिवाडी, कनिष्ठ सहायक, कार्यालय हाजा। | सहयोगार्थ |
| | 3 | राजकुमार कुमावत कनिष्ठ सहायक, कार्यालय हाजा। | सहयोगार्थ |
| IV | 1 | शिवशंकर चौधरी, कार्यक्रम अधिकारी, कार्या. अति. जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा , बीकानेर। | प्रभारी |
| | 2 | प्रदीप मिश्रा, सहायक प्रशानिक अधिकारी, कार्यालय हाजा। | सहयोगार्थ |
| | 3 | रामेशवर लाल ओझा, वरिष्ठ सहायक, कार्यालय हाजा। | सहयोगार्थ |

- संयोजक, पंजीयन समिति द्वारा प्रतिदिन दोनों पारियों में पंजीयन हेतु पूर्व निर्धारित जिलों में स्थित विद्यालयों में चयन के लिए साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले प्रधानाचार्य गण के पंजीयन कार्य हेतु दलवार जिला/ब्लॉक आवंटित किया जाएगा तथा दल प्रभारी द्वारा निर्धारित समयावधि में समस्त आगन्तुक अभ्यर्थियों के पंजीयन पत्रक पर वांछित पूर्ति उपरान्त हस्ताक्षर करवाया जाकर आवेदन पत्र पर पंजीयन क्रमांक अंकित किया जाएगा तथा सहयोगी कार्मिकों की सहायता से आवेदन पत्र/पंजीयन पत्रक की प्रविष्टियों के अनुरूप साक्षात्कार पत्रक टंकित करवाकर संयोजक, पंजीयन समिति को उपलब्ध करवाया जाएगा। संयोजक, पंजीयन समिति द्वारा उक्त समस्त टंकित सामग्री मय आवेदन पत्र श्री दिलीप परिहार, सहायक निदेशक (प्रभारी–प्रतीक्षा कक्ष) को सुपुर्द की जाएगी। संयोजक, पंजीयन समिति उक्त सम्पूर्ण कार्य के त्वरित एवं सतत् निष्पादन हेतु वांछित कम्प्यूटर सैट/अन्य आवश्यक सामग्री की अग्रिम व्यवस्थाएं कम्प्यूटर/भण्डार अनुभाग से की जानी सुनिश्चित करेंगे। श्री राजेन्द्र मारू सहायक प्रशासनिक अधिकारी, श्री मुकेश व्यास, संयोजक–पंजीयन समिति के सहयोगी के रूप में कार्य सम्पादित करेंगे।

- **प्रतीक्षा कक्ष** : साक्षात्कार हेतु आगन्तुक प्रधानाचार्य अभ्यर्थी पंजीयन उपरान्त प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय स्थित सभाकक्ष एवं निर्देशित स्थान पर साक्षात्कार से पूर्व उपस्थित रहेंगे। प्रतीक्षा कक्षा की व्यवस्था अग्रांकित विवरणानुसार रहेगी :–

| क्र0सं0 | नाम अधिकारी/कार्मिक मय पद–सर्व श्री | दायित्वभार | कार्यभार विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | दिलीप परिहार, सहायक निदेशक, कार्यालय हाजा। | प्रभारी | पंजीयन उपरान्त विद्यालय वार सूचियां प्राप्त कर अभ्यर्थियों को क्रमानुसार साक्षात्कार हेतु भेजना। |
| 2 | अभय सिंह राजपुरोहित, अनु.सहायक, कार्यालय हाजा। | सह प्रभारी | |
| 3 | लक्ष्मण कुमार कनिष्ठ सहायक कार्यालय हाजा। | सहयोगार्थ | |

- **साक्षात्कार – समन्वय समिति** : प्रतीक्षा कक्ष से पंजीयन क्रमांक के अनुरूप जिला / ब्लॉक / विद्यालयवार अभ्यर्थियों के चयन समिति के समक्ष साक्षात्कार हेतु भिजवाए जाने एवं चयन समिति के निर्देशों की पालना का सम्पूर्ण दायित्व अग्रांकित समिति का होगा :–

| क्र0सं0 | नाम अधिकारी / कार्मिक मय पद–सर्व श्री | दायित्वभार | |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती तमन्ना, अनु. अधिकारी, कार्यालय हाजा। | प्रभारी | पंजीयन उपरान्त विद्यालय वार सूचियां प्राप्त कर अभ्यर्थियों को क्रमानुसार साक्षात्कार हेतु भेजना। |
| 2 | भूपेन्द्र जैन, अनु. सहायक, कार्यालय हाजा। | सह प्रभारी | |
| 3 | गणेश सारण कनिष्ठ सहायक कार्यालय हाजा। | सहयोगार्थ | |

| क्र0सं0 | नाम अधिकारी / कार्मिक मय पद–सर्व श्री | दायित्वभार | कार्यभार विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | पल्लव मुखर्जी सहायक निदेशक कार्यालय हाजा। | प्रभारी | पंजीयन उपरान्त विद्यालय वार सूचियां प्राप्त कर अभ्यर्थियों को क्रमानुसार साक्षात्कार हेतु भेजना। |
| 2 | अनीस उल इस्लाम कनिष्ठ सहायक कार्यालय हाजा। | सहयोगार्थ | |
| 3 | राजेन्द्र कुमार सहारण कनिष्ठ सहायक कार्यालय हाजा। | सहयोगार्थ | |

| क्र0सं0 | नाम अधिकारी / कार्मिक मय पद–सर्व श्री | दायित्वभार | कार्यभार विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमा मीणा व्याख्याता कार्यालय हाजा। | प्रभारी | पंजीयन उपरान्त विद्यालय वार सूचियां प्राप्त कर अभ्यर्थियों को क्रमानुसार साक्षात्कार हेतु भेजना। |
| 2 | मयंक चौधरी कनिष्ठ सहायक कार्यालय हाजा। | सहयोगार्थ | |
| 3 | राकेश रिटोड | सहयोगार्थ | |

श्री रणजीत खिलेरी, साक्षात्कार उपरान्त साक्षात्कार पत्रक एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों / सूचियों का समुचित समेकन एवं संधारण अपनी देख–रेख में करवाएंगे।

- **<u>शाला दर्पण पोर्टल से सम्बन्धित कार्य निष्पादन समिति</u>** – प्रधानाचार्य पद हेतु शाला दर्पण पर ऑन लाईन आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों को प्रतिदिन सूचीबद्ध कर दस्तावेजों को पंजीयन समिति को उपलब्ध करवाए जाने हेतु अग्रांकित समिति को दायित्वबद्ध किया जाता हैं :–

| क्र0सं0 | नाम अधिकारी / कार्मिक मय पद–सर्व श्री | दायित्वभार |
|---|---|---|
| 1 | राजेन्द्र प्रसाद मील, सहायक निदेशक, कार्यालय हाजा। | प्रभारी |
| 2 | नीरज काण्डपाल, अनु. अधिकारी, कार्यालय हाजा। | सह प्रभारी |
| 3 | प्रेमसुख जांगू, कनिष्ठ सहायक, कार्यालय हाजा। | सहयोगार्थ |

- **<u>नियंत्रण कक्ष</u> :** – अधीनस्थ कार्यालयों संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा तथा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक : 10.11.2021, 11.11.2021 तथा 17.11.2021 व 18.11.2021 की अवधि के दौरान नवस्थापित राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में विभिन्न पदों हेतु वाक् इन इन्टरव्यू के माध्यम से लिए जाने वाले साक्षात्कार कार्यक्रम की प्रतिदिन संख्यात्मक सूचना प्राप्त करने हेतु माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में निम्नानुसार नियंत्रण कक्ष (दूरभाष : 0151– 2544043) स्थापित किया जाता हैं :–

| क्र0सं0 | नाम अधिकारी / कार्मिक मय पद–सर्व श्री | दायित्वभार |
|---|---|---|
| 1 | अखाराम चौधरी, अनु. सहायक, कार्यालय हाजा। | प्रभारी |
| 2 | महेन्द्र चौधरी, कनिष्ठ सहायक कार्यालय हाजा। | सहयोगार्थ |
| 3 | आदित्य व्यास, कनिष्ठ सहायक, कार्यालय हाजा। | सहयोगार्थ |

समस्त संभागीय कार्यालय स्वयं के कार्यालय एवं अधीनस्थ जिला कार्यालयों द्वारा आयोजित साक्षात्कार कार्यक्रम की संख्यात्मक सूचना प्रतिदन संलग्न प्रारूप–प्रपत्र में इस कार्यालय की ई–मेल आईडी : mgges03@gmail.com पर आवश्यक रूप से भिजवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

डॉ प्रमोद कुमार चमोली, सहायक निदेशक, कार्यालय हाजा उपर्युक्त समस्त समितियों के पारस्परिक सहयोग–समन्वय हेतु साक्षात्कार समन्वयक का कार्य निष्पादित करेंगे। उल्लेखित समितियों के नामित संयोजक / प्रभारी साक्षात्कार कार्यक्रम के दौरान उप निदेशक(माध्यमिक), कार्यालय हाजा के निर्देशानुसार समुचित कार्य निष्पादन किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

संलग्न : यथोक्त।

**(काना राम)**
आई.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान,बीकानेर

Rajasthan Education Department

क्रमांक :–शिविरा–माध्य/मा–द/वॉक–इन–इन्टरव्यू/2019–20/121 दिनांकः– 08/11/2021

**प्रतिलिपि :** निम्नांकित को सूचनार्थ,पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1 निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, पुस्तकालय एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2 शासन उप सचिव–प्रथम, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3 निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग ,राजस्थान, बीकानेर।
4 उप निदेशक (प्रशासन)–कार्यालय हाजा को समुचित व्यवस्था प्रबन्धन हेतु।
5 प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान, बीकानेर।
6 समस्त सम्बन्धित अधिकारी/कार्मिक गण को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
7 अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा , बीकानेर।
8 स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा ।
9 स्टाफ ऑफिसर, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर को प्रेषित कर लेख है कि साक्षात्कार कार्यक्रम के सुचारू एवं निर्बाध संचालन हेतु आवश्यक अग्रिम व्यवस्थाएं सुनिश्चित करावें।
10 सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वैब–साईट पर अपलोड़ करने हेतु।
11 भण्डार प्रभारी, कार्यालय हाजा को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि उप निदेशक (माध्यमिक), कार्यालय हाजा से अग्रिम सम्पर्क/समन्वय स्थापित कर साक्षात्कार कार्यक्रम हेतु समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान,बीकानेर